प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना'** शुरू की, जो एक नवाचारी सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य देश**में एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली या रूफटॉप सोलर पैनल** स्थापित करना है।

रूफटॉप सोलर पैनल क्या है?

- **परिचय:** रूफटॉप सोलर एक फोटोवोल्टिक प्रणाली है जिसमें विद्युत उत्पादन करने वाले सौर पैनल आवासीय या व्यावसायिक भवन या संरचना की छत पर लगे होते हैं।
- **लाभ:** यह **ग्रिड से जुड़ी विद्युत** की खपत को **कम** करता है और उपभोक्ता के लिये विद्युत की लागत बचाता है।
  - रूफटॉप सोलर प्लांट से उत्पन्न अधिशेष सौर ऊर्जा इकाइयों को मीटरिंग प्रावधानों के अनुसार ग्रिड में निर्यात किया जा सकता है।
  - उपभोक्ता प्रचलित नियमों के अनुसार अधिशेष निर्यातित विद्युत के लिये मौद्रिक लाभ प्राप्त कर सकता है।
- **संबंधित सरकारी पहल**: सरकार ने वर्ष 2014 में रूफटॉप सोलर प्रोग्राम लॉन्च किया, जिसका **लक्ष्य वर्ष 2022 तक 40,000 मेगावाट (MW) या 40 गीगावाट (GW) की संचयी संस्थापित क्षमता हासिल करना** था।
  - हालाँकि यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप, सरकार ने समय-सीमा वर्ष 2022 से बढ़ाकर वर्ष 2026 कर दी।
  - कुछ रिपोर्टों के अनुसार, **प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना 40 गीगावॉट रूफटॉप सोलर क्षमता** के लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करने का एक बड़ा प्रयास है।

भारत की मौजूदा सौर क्षमता की क्या स्थिति है?

- **भारत की वर्तमान सौर क्षमता:**
  - **रूफटॉप सौर क्षमता:** दिसंबर 2023 तक छत पर लगाए गए/रूफटॉप सोलर प्रणाली की कुल क्षमता **लगभग 11.08 गीगावॉट** है।
    - **गुजरात 2.8 गीगावॉट के साथ सूची में शीर्ष पर** है जिसके बाद महाराष्ट्र 1.7 गीगावॉट की क्षमता के साथ दूसरे स्थान पर है।
    - ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (Council on Energy, Environment and Water- CEEW) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार कुल रूफटॉप सोलर प्रणाली की मात्र **20%** स्थापनाएँ आवासीय क्षेत्र में की गई हैं तथा अधिकांश रूफटॉप सोलर प्रणाली वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में हैं।
      - रिपोर्ट के अनुसार **भारत के 25 करोड़ घर छतों पर कुल 637 गीगावॉट की क्षमता की सोलर प्रणाली स्थापित कर सकते हैं** तथा इसकी कुल क्षमता का मात्र एक-तिहाई हिस्सा देश में संपूर्ण आवासीय क्षेत्रों की विद्युत की मांग को पूरा कर सकता है।
  - **स्थापित सोलर प्रणाली की कुल क्षमता: नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2023 तक भारत में छतों पर** स्थापित सोलर प्रणाली की क्षमता **लगभग 73.31 गीगावॉट तक पहुँच गई है।**
    - कुल सौर क्षमता के मामले में **राजस्थान 18.7 गीगावॉट के साथ शीर्ष पर** है। गुजरात 10.5 गीगावॉट के साथ दूसरे स्थान पर है।
    - छत पर स्थापित सोलर प्रणाली क्षमता के संदर्भ में **गुजरात 2.8 गीगावॉट के साथ सूची में सबसे ऊपर** है इसके बाद महाराष्ट्र 1.7 गीगावॉट के साथ दूसरे स्थान पर है।

भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग

- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency)** के अनुसार भारत को अगले तीन दशकों में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा मांग में सबसे अधिक वृद्धि का अनुभव करना पड़ सकता है।
  - कोयला उत्पादन में वृद्धि के बावजूद भारत **वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता** हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध है।
- इसके अलावा, देश का लक्ष्य वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से **50%** विद्युत् ऊर्जा उत्पादन का है, जो पहले ही 43% तक पहुँच चुका है जिसमें कुल स्थापित क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 30% है।
  - बढ़ती विद्युत् ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिये नवीकरणीय क्षमता, **विशेषकर सौर ऊर्जा में** तेज़ी से वृद्धि आवश्यक है।

सौर ऊर्जा का प्रयोग करने के लिये अन्य सरकारी पहल क्या हैं?

- राष्ट्रीय सौर मिशन
- सौर ऊर्जा पार्क योजना
- किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM-KUSUM)
- सूर्यमित्र कौशल विकास कार्यक्रम
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2016)

1. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance) को वर्ष 2015 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रारंभ किया गया था।
2. इस गठबंधन में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश सम्मिलित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

उत्तर: (a)

?????

प्रश्न. भारत में सौर ऊर्जा की प्रचुर संभावनाएँ हैं, हालाँकि इसके विकास में क्षेत्रीय भिन्नताएँ हैं। विस्तृत वर्णन कीजिये। (2020)

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गोल्डन टाइगर

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP) में एक **दुर्लभ सुनहरे रंग के बाघ** को देखा गया।

गोल्डन टाइगर के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **गोल्डन टाइगर** (जिसे गोल्डन टैबी टाइगर के रूप में भी जाना जाता है) सफेद और**काले बाघों** की तरह एक अलग उप-प्रजाति नहीं, **बल्कि सिर्फ दुर्लभ रंग-रूप की प्रजाति है।**
  - वे वन और कैद (captive) में भी साधारण रूप से दुर्लभ हैं।
- KNP में देखे गए **गोल्डन टाइगर** **बंगाल टाइगर** **का दुर्लभ रंग-रूप** है जो **"वाइडबैंड"** नामक अप्रभावी ???? ?? ????? होता है।
  - यह **जीन** बालों के विकास चक्र के दौरान **काले रंग** के उत्पादन को प्रभावित करता है।
- बाघ आमतौर पर तीन रंग का होता है: **काला, नारंगी और सफेद**। सुनहरे बाघ में काला रंग अनुपस्थित होता है और हल्का नारंगी रंग दिखाई देता है।

//

काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

- वर्ष 1908 में निर्मित **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP)** असम राज्य के **गोलाघाट और नागाओन ज़िले** में **देश के उत्तर पूर्वी हिस्से के किनारे पर स्थित है।** इसे वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
  - वर्ष 1985 में इस पार्क को [यूनेस्को](#) द्वारा [विश्व धरोहर स्थल](#) घोषित किया गया था और वर्ष **2006 में** इसे [टाइगर रिज़र्व](#) घोषित किया गया था।
- यह [ब्रह्मपुत्र घाटी](#) बाढ़ के मैदान में **एकमात्र सबसे बड़ा अविभाजित** और **प्रतिनिधि** क्षेत्र है।
- KNP में मुख्य रूप से चार प्रकार की वनस्पतियाँ पायी जाती हैं, जैसे-**जलोढ़ जलमग्न घास के मैदान, जलोढ़ सवाना वन, उष्णकटिबंधीय नम मिश्रित पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय अर्ध-सदाबहार वन।**
- यह 2200 से अधिक [भारतीय एक सींग वाले गैंडों](#) **का निवास स्थान** है, जो उनकी संपूर्ण विश्व आबादी का लगभग **2/3 हिस्सा** हैं।
- KNP में **बाघ, हाथी, जंगली जल भैंस और भालू** के साथ-साथ [गंगा नदी डॉल्फिन](#) सहित जलीय प्रजातियों सहित अन्य संकटग्रस्त प्रजातियों की महत्त्वपूर्ण आबादी है। प्रवासी पक्षियों के लिये यह एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।

7 NATIONAL PARKS IN ASSAM

- 6th : Raimona National Park (Notified in 2021)
- 7th : Dihing Patkai National Park (Notified in June 2021)

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)

राष्ट्रीय उद्यान - पार्क से बहने वाली नदी

1. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान - गंगा
2. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान - मानस
3. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान - कावेरी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

प्रश्न. निम्नलिखित बाघ आरक्षित क्षेत्रों में से "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतर्गत सबसे बड़ा क्षेत्र किसके पास है? (2020)

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीशैलम
(d) सुंदरबन

उत्तर: (c)

?????

प्रश्न. "विभिन्न प्रतिस्पर्द्धी क्षेत्रों और हितधारकों के बीच नीतिगत विरोधाभासों के परिणामस्वरूप पर्यावरण के अपर्याप्त 'संरक्षण एवं गिरावट की रोकथाम' हुई है।" प्रासंगिक दृष्टांतों के साथ टिप्पणी कीजिये। (2018)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/30-01-2024/print